श्री बंशीधर नगर, बुधवार
22.01.2025
माघ कृष्णपक्ष अष्टमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 150

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:32 बजे

**तापमान**
अधिकतम :22 डिग्री से.
न्यूनतम :09 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





**सुविचार**
खुद पर विश्वास हमे लक्ष्य की ओर ले जाता है।

**न्यूज अपडेट्स**

### आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म



**रांची।** राज्य सरकार ने आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म कर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन से मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर पूजा सिंघल का निलंबन कार्मिक ने खत्म कर दिया। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उन्हें कार्मिक में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते सात दिसंबर 2024 को पूजा सिंघल को 28 महीनों बाद बड़ी राहत मिली थी। झारखंड की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी। इसी के साथ उन्हें अपना पासपोर्ट जमा कराने के लिए भी कहा गया था। ईडी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी ने छह मई 2022 को उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास और कार्यालय से 19 करोड़ 31 लाख रुपये की नकद बरामद किया गया था।

**रेलवे में घोटाला** एसबीआई के बाइकर ने किया घोटाला, रेलवे को लगाया चूना, प्राथमिकी

# हजम कर गया दो करोड़ रु.

नीलू चौबे






**श्री बंशीधर नगर :** रेलवे में बड़े घोटाले की खबर है। जानकारी के अनुसार नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन में टिकट बिक्री के 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये का घोटाला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घोटाला वर्ष 2023 में हुआ है। घोटाला कोई और नहीं बल्कि एसबीआई द्वारा स्टेशन से बैंक तक पैसा लाकर जमा करने के लिये अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर (कर्मियों) ने की है। उक्त कंपनी के दो कर्मी अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति पर राशि के कथित घोटाले का आरोप लगा है। इसका खुलासा रेलवे के बैंक खाते के स्टेटमेंट की जांच पड़ताल के पश्चात हुआ है। इतनी बड़ी राशि का घोटाला होने पर रेल अधिकारियों के कान खड़े हो गये। रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार ने नगर ऊंटरी थाना में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद कुमार प्रजापति के विरुद्ध राशि गबन करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल दोनों कर्मी फरार चल रहे हैं।

### क्या है मामला

रेलवे स्टेशन आय की रकम को स्टेशन से लेकर बैंक में जमा करने के लिये रेलवे एवं एसबीआई के द्वारा 31अक्टूबर 2020 को एग्रीमेंट किया गया है। उसके बाद से एग्रीमेंट के तहत बैंक के द्वारा अधिकृत एजेंसी (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर के द्वारा ही स्टेशन से टिकट बिक्री के पैसे को ले जाकर बैंक में रेलवे के खाता संख्या 32595570076 में जमा किया जाता है तथा बैंक से प्राप्त प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया जाता है। किन्तु एजेंसी के द्वारा नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के वर्ष 2023 मे हुये टिकट बिक्री का पैसा लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये को एजेंसी के बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने बैंक में जमा नहीं किया। जबकि बैंक में राशि जमा करने का फर्जी प्राप्ति रसीद को स्टेशन प्रबंधक को लाकर जमा कर दिया। यह क्रम एक वर्ष तक चलता रहा। किंतु किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाईकर हर दस दिन एवं पंद्रह दिन पर बैंक में राशि जमा करने के नाम पर मोटी राशि का गबन करते गया और फर्जी रसीद स्टेशन प्रबंधक के यहां जमा करते गया।

### कैसे हुआ खुलासा

धनबाद रेल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में लगातार राजस्व की कमी होने पर रेल विभाग हरकत में आ गया। रेलवे के उच्च अधिकारियों ने इसकी जांच पड़ताल शुरू की। अधिकारियों ने सभी स्टेशन को अपने स्टेशन से बाईकर द्वारा भेजे गये रकम तथा एसबीआई में रेलवे के खाते में जमा किये गये रकम की जांच करने का आदेश दिया। जांच के क्रम में नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन प्रबंधक के द्वारा जब बैंक से स्टेटमेंट एवं बाईकर द्वारा जमा की गई प्राप्ति रसीद की जांच की तो पता चला कि बाईकर ने बैंक में राशि को जमा ही नहीं किया है। साथ ही फर्जी तरीके से प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया है। जांच के क्रम में स्टेशन प्रबंधक ने पाया कि 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने स्टेशन से बैंक में जमा करने के लिये पैसा लिया, किंतु बैंक में रेलवे के खाता नंबर 32595570076 में जमा ही नहीं किया। बैंक के द्वारा दिये गये स्टेटमेंट में भी इसकी पुष्टि हुई है। स्टेशन प्रबंधक के द्वारा इसकी सूचना तत्काल रेलवे के वरीय अधिकारियों को दी। जिसके आलोक में सीटीआई मनुराम के निर्देश पर स्टेशन प्रबंधक ने नगर ऊंटारी थाने में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति के विरुद्ध सरकारी राशि का गबन करने का मामला दर्ज कराया है।

### जल्द गिरफ्तार होंगे अभियुक्त : थानेदार

नगर ऊंटारी थाना के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि स्टेशन प्रबंधक के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में स्टेशन में कार्यरत रेल कर्मियों से पूछताछ की गई है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## राज्य कैबिनेट का फैसला : राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी है।बैठक में राज्यकर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने की मंजूरी दी गई है। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत अनुसंधानकर्ता को 25 हजार तक का मोबाईल फोन उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार द नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसस एक्ट के तहत दर्ज वादों को संज्ञान लेने एवं त्वरित निष्पादन के लिए विचारण के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गई है। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी है।



### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

-स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति।

-वित्तीय वर्ष 2024-2025 में झारखंड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए छह हजार रुपये वार्षिक प्रिमियम के रूप में कुल अनुदान राशि नौ करोड़ रुपये का भुगतान किये जाने के लिए, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ता लाइसेंस प्रत्यर्पित करने वाले इच्छुक अधिवक्ताओं को पेंशन के रूप में प्रतिमाह सात हजार रुपये की दर से कुल एक करोड़ साठ लाख रुपये का अनुदान राशि भुगतान करने के लिए एवं नए अधिवक्ताओं को प्रथम तीन वर्ष की अवधि के दौरान वृत्तिका भत्ता के रूप में पांच हजार रुपये प्रतिमाह की दर से 50 प्रतिशत की समतुल्य राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान किये जाने के लिए कुल अनुदान राशि एक करोड़ पचास लाख रुपये यानी कुल बारह करोड़ दस लाख रुपये का उपबंध झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में कराने की स्वीकृति।

-गेब्रियल किड़ो, सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता (चालू प्रभार), जलपथ प्रमण्डल संख्या-02, हजारीबाग को स्वतंत्र चालू प्रभार के तहत सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत अवधि के वेतन का अन्तर राशि के भुगतान की मंजूरी।

-राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों, सदर अस्पतालों, अनुमण्डलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए वरीय अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक एवं आईटी एक्जक्यूटिव का पद सृजन की स्वीकृति।

-कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या-02 एवं अधिसूचना संख्या 7350 के जरिये कमलेश्वर कान्त वर्मा को झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कमलेश्वर कान्त वर्मा, रांची के पद पर तीन वर्षों या अगले आदेश तक, जो पहले हो, के लिए नियुक्त करने संबंधी शर्त को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या-8408 के द्वारा संशोधित करते हुए इसके स्थान पर चार वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो पहले हो, किया गया है, पर घटनोत्तर मंजूरी।

-वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति।

-झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंबर 2678/2017, नन्द किशोर प्रसाद बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा एलपीए नंबर 650/2017 झारखंड सरकार एवं अन्य बनाम नन्द किशोर प्रसाद में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में नन्द किशोर प्रसाद को विभागीय लेखा परीक्षा द्वितीय पत्र में अंतिम स्तर से उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता को क्षांत करते हुए देय एसीपी-एमएसीपी का वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की मंजूरी।

- झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या 3754/2021, प्रेम कुमार बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रेम कुमार की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति।

-उच्च कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर सलाहकार-सह-विशेष सचिव के रूप में नियोजित करने संबंधी संकल्प संख्या-8598 को निरस्त करने की स्वीकृति।

## भूमि सुधार मंत्री ने फर्जी डीड में सुधार के लिए दिया निर्देश

# सॉफ्टवेयर में शीघ्र सुधार करे एनआईसी

**रांची।** राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को भू-राजस्व विभाग को फर्जी डीड पर लगाम लगाने के लिए एनआईसी के सॉफ्टवेयर में सुधार करने का निर्देश दिया है।




मंत्री ने फर्जी डीड से किए जाने वाले भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है लेकिन उसमें छोटी-मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है। इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए विभाग एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाए, जिससे फर्जी डीड बनाकर गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लगेगी।

मंत्री ने एनआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर बनाए। दोबारा डीड अप्लाई करने पर तत्काल उस पर रोक लगाने की दिशा में काम करें। इससे विभिन्न अंचलों में लंबित म्यूटेशन के मामले घटेंगे। मंत्री ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों-मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे कार्यों के लिए बारझबार अंचल और यहां-वहां जाना पड़ता है। इसका बिचौलिए गलत लाभ उठाते हैं। किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फजीर्वाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी और कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे हैं। ऐसे पदाधिकारियों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### 21 आईईडी, 55 पीस जिलेटिन बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में पुलिस और सुरक्षाबलों ने मंगलवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान 21 आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पोड़ाहाट क्षेत्र में सूचना के आधार पर अभियान संचालित किया जा रहा था। इस दौरान कराईकेला थाना क्षेत्र के सेरेंगदा गांव के कुचा टोला के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों के जरिये लगाए गए 21 आईईडी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि बम निरोधक दस्ता की सहायता से आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। साथ ही एक पुराने नक्सली डम्प को सुरक्षा बलों के जरिये ध्वस्त किया गया। नक्सली डम्प से दो किलो के 12 आईईडी, एक किलो के नौ आईईडी और 55 पीस जिलेटिन की स्टीक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।



# डीसी से मेराल सीएचसी के चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर वापस करने की मांग



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने भाजपा नेताओं के साथ मंगलवार को गढ़वा समाहरणालय पहुंचकर डीसी से सीएचसी मेराल में पदस्थापित चिकित्सकों की अन्यत्र की गई प्रतिनियुक्ति रद्द कर वापस करने की मांग की है। डीसी को सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि मेराल में पदस्थापित तीन चिकित्सक उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु विरमित हो गये हैं। साथ ही यहां के पदस्थापित तीन अन्य चिकित्सक को अन्यत्र जगह पर प्रतिनियुक्ति किया गया है, जिससे मेराल प्रखंड मुख्यालय का सामुदायिक अस्पताल जिसपर लगभग ढाई लाख की आबादी के साथ-साथ नेशनल हाईवे पर होने वाला आकस्मिक दुर्घटना आदि स्वास्थ्य सुविधा पर व्यापक असर पड़ रहा है। वहीं मेराल में पदस्थापित तथा डॉ दीपक कुमार सिन्हा एवं डॉ कुमार पीयुष का अन्यत्र की गई प्रतिनियुक्ति को अविलंब रद्द कर इनकी सेवा मेराल सीएचसी में करने की मांग की गई है। ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिकित्सा सेवा सुविधा मिल सके। साथ ही अनुरोध किया गया है कि मेराल में महीने में कम से कम एक बार मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाय आधी आबादी महिलाओं के लिये स्थाई रूप एक महिला चिकित्सक की सेवा अपने स्तर से बहाल किया जाय। मौके पर जिला स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि अद्याशंकर पाण्डेय, गढ़वा जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी, मनोज जायसवाल, रामाकांत गुप्ता, रोहित कुमार शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के समीप बीती रात्रि बाईक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। गढ़वा जाने के क्रम में श्याम राज भुइयां पिता त्रिभुवन कुमार की मौत हो गई। जबकि घायल भानू राम पिता सुमेर राम का इलाज अस्पताल में ही चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर थाना के एसआई परवेज आलम नें अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली और बाईक को जब्त कर थाना ले आया।

### विद्युत चोरी के आरोप में चार पर प्राथमिकी

**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव में विद्युत विभाग ने विद्युत चोरी के आरोप में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध मे जेई अमल राय ने बताया कि वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर टोका फंसाकर विद्युत चोरी करने के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान में निरपत यादव पर विद्युत चोरी करने के आरोप मे 27 हजार 594 रुपये का विभागीय जुर्माना के साथ एफआईआर दर्ज कराया गया है। वहीं विनय यादव पर 16 हजार 550 रुपये, रामनाथ कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपये व देवनंदन कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपये के जुर्माने के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करना गैरकानूनी कार्य की श्रेणी में आता है। छापामारी अभियान मे विद्युतकर्मी सदाम अंसारी, मजूर अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## पहल

### जीएन कान्वेंट में बच्चों के दांतों की जांच

# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉक्टर एके सिन्हा, डॉ सुप्रिया पटेल, डॉ सुमित कुमार, डॉ जयकुमार, डॉ निशि, डॉ शेट्टिका प्रवीण, डॉ शिवानी गुप्ता, डॉ सत्यनारायण मेहता, डॉ श्रेष्ठ तेजस्वी को विद्यालय की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के दांतों का सघन उपचार किया गया तथा निःशुल्क पेस्ट और दवा का वितरण भी किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि स्कूल बच्चों के प्रति हमेशा संवेदनाशील रहा है। बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी अपनी पैनी नजर रखता है। इसी कड़ी में निःशुल्क दन्त जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दंत चिकित्सा मुंह और दांतों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्र है। दंत चिकित्सा का डॉक्टर वह होता है जो लोक स्वास्थ्य स्थितियों का निदान और उपचार करता है। जिस तरह आप नियमित जांच के लिये अपने चिकित्सक के पास जाते हैं उसी तरह आपको साल में कम से कम दो बार दांत की जांच और सफाई के लिये अपने दंत चिकित्सक के पास जाना चाहिये। नियमित दंत चिकित्सा देखभाल और स्वास्थ्य समस्याओं के आपकी जोखिम को कम करती है और आपके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करती है। यदि समय पर दांत के चिकित्सा व्यवस्था पर ध्यान न दिया जाय तो वह ओरल कैंसर का भी रूप ले लेता है। उन्होंने कहा कि दांतों को कम से कम दो बार ब्रश अवश्य ही करें। अच्छे टूथपेस्ट और टूथब्रश का प्रयोग करें। डॉक्टर एके सिन्हा ने कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसकी देखभाल एवं सही समय पर हमारे लिये आवश्यक है, नहीं तो समय से पहले दांत गिर जाएंगे जो कई समस्याओं को जन्म देगा। दांत नहीं रहने से पसंदीदा भोजन का स्वाद नहीं मिलेगा साथ ही साथ शब्दों के उच्चारण में भी परेशानी होगी। मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर व धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद ने किया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, ऋषभ सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना से वंचित लाभुक काट रही हैं प्रखंड कार्यालय का चक्कर

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** झारखंड सरकार की ओर से महिलाओं की हित में चलाई जा रही अतिमहत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि से प्रखंड की कई महिलाएं वंचित हैं। मंईयां सम्मान का फार्म भरने तथा संबंधित कर्मियों की सत्यापन के बाद योजना की पात्रता रखने वाली महिला लाभुक पेंशन की राशि मिलने की आस लिये पिछले पांच माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रही हैं। मंगलवार को कैलान पंचायत के नीलम देवी, सरिता देवी, रजवंती कुमारी, गीता देवी, सोनांचल देवी, कलवंती देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी सहित दो दर्जन से अधिक महिला लाभुकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव से पेंशन की राशि दिलाने की गुहार लगाई। महिलाओं ने बताया कि हम सभी अगस्त माह में ही मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरकर प्रखंड कार्यालय में जमा कर चुके हैं, लेकिन योजना की पहली किस्त तो क्या पिछले छह माह के दौरान हमसभी के बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं डाला गया है। कहा कि मंईयां सम्मान पाने के लिये पिछले कई माह से ब्लॉक की चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा योजना स्वीकृत होने तथा कभी मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद होने की बात कहा जाता है।

### सूरत पांडेय महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा व महिला कल्याण समिति धोरी बोकारो के संयुक्त तत्वाधान में सूरत पांडेय महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएसपी राहुल देव ने दीप जलाकर किया। इस दौरान एएसपी ने साईबर क्राईम, सोशल मीडिया का दुष्प्रचार एवं सड़क सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, बाल ट्रैफिकिंग, डायन भूत अधिनियम ट्रैफिक नियम, बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने आदि की जानकारी दी। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी तथा विकास कुमार गौतम ने साईबर क्राईम के संबंध में विस्तार से बताया। भारत संचार निगम लिमिटेड के एसडीओ ने भी साईबर क्राईम से बचने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्रिंसिपल निकलेस चौबे ने बच्चों के अनुशासन एवं उत्कृष्ट उत्थान के लिए नियम पालन करने की बात बताई। मौके पर प्रो उमेश सहाय, पीएलवी रामाशंकर चौबे सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्राथमिक विद्यालय में ड्रेस का वितरण



**केतार :** प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में मंगलवार को कक्षा एक और कक्षा दो के 39 बच्चों के बीच पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने पोशक, स्वेटर, जूता, मोजा का वितरण किया। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे पोशाक लेकर काफी खुश नजर आये। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने कहा कि हमारा शुरू से ही प्रयास रहता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं इन्हें संवारने का काम शिक्षकों के जिम्मे है। बच्चों में शिक्षा के साथ सामाजिक संस्कार भी देना अति आवश्यक है, ताकि एक मजबूत समाज का निर्माण हो सके। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिये जो भी संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है उसे स-समय वितरण कर दिया जाता है। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक, सहयोगी शिक्षक संजय कुमार मिश्रा, असीम अंसारी, मुजफ्फर हुसैन, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असमीना बीबी, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, इजहार अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक वितरित



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर के लालगढ़ में पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय में मंगलवार को वर्ग एक और दो के 37 छात्र छात्राओं के पोशाक वितरित किया गया। लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ललिता देवी, संयोजिका मीना देवी ने वहां के हेडमास्टर विनोद कुमार पांडेय, वरीय शिक्षक हरिशंकर मिश्र, विनयकुमार ओझा, अभिमन्यु चौधरी, इंद्रजीत कुमार व मंजू देवी, देवेंद्र चौधरी की उपस्थिति में छात्र छात्राओं के बीच सरकार की ओर से आवंटित पोशाक वितरित किया। हेडमास्टर श्री पांडेय ने कहा कि सभी बच्चे एक ही तरह के यूनिफॉर्म में होते हैं तो वे कभी हीन भावना के शिकार नहीं होते हैं। इससे स्कूल में बच्चों के बीच एकरूपता आती है। पोशाक मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मौके पर अन्य कई शिक्षक व अभिभावक भी उपस्थित थे।


## मझिआंव के टड़हे में आजाद हिंद फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

# उद्घाटन मैच में पीपरखाड़ ने करमडीह को हराया

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** प्रखंड के टड़हे पंचायत भवन के मैदान पर प्रखंड स्तरीय आजाद हिंद फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन टू का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल के आयोजनकर्ता सह मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी कृपाल सिंह एवं प्रमुख सह विशिष्ट अतिथि आरती दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनकी शुरू से ही सोच रही है कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभा को खेल के माध्यम से निखारकर जिला एवं राज्य स्तर तक भेजा जा सके और क्षेत्र का नाम रौशन हो। वैसे प्रतिभावान खिलाड़ी देश का भी नाम रोशन करेंगे। फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रथम मैच पलामू के उंटारी प्रखंड के पीपरखाड़ की टीम एवं मझिआंव प्रखंड के करमडीह टीम के बीच खेला गया, जिसमें पीपरखाड़ की टीम ने शानदार खेल का परिचय देते हुये 1-0 गोल से मैच को जीत लिया। करमडीह की टीम अंत तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस अवसर पर जितेंद्र चंद्रवंशी द्वारा रेफरी की भूमिका अदा की गई। जबकि सगीर अंसारी द्वारा खेल में कमेंट्री की गई। टूर्नामेंट के अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल आठ प्रखंडों की टीम शामिल होंगी। मौके पर उप प्रमुख फुलकली देवी, पूरहे मुखिया शंभू पासवान, भानू पासवान, रामसुंदर शर्मा, मुस्लिम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।




## 'छावा' से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक आया सामने

विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'छावा' की घोषणा के बाद से ही फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही छत्रपती संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल का नया लुक जारी किया गया था। हाल ही में महारानी येसुबाई का किरदार निभा रहीं रश्मिका मंदाना का लुक जारी कर दिया गया है। इसके साथ फिल्म 'छावा' का ट्रेलर कब रिलीज होगा, इसकी भी जानकारी दी गई है। फिल्म के पोस्टर में येसूबाई भोसले के रूप में रश्मिका मंदाना का लुक काफी प्रभावशाली और आकर्षक है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, हर महान राजा के पीछे एक शक्तिशाली रानी होती है। पेश है महारानी येशूबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना, स्वराज्य का गर्व। पोस्टर में रश्मिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। छावा की रिलीज डेट छावा 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म का ट्रेलर कल यानी 22 जनवरी को रिलीज होगा, जिसका विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान ने किया है और अनुभवी संगीतकार एआर रहमान ने फिल्म के लिए संगीत दिया है। 'छावा' में विक्की कौशल को छत्रपति शंभू राजेन, रश्मिका मंदाना को येसुबाई और अक्षय खन्ना को औरंगजेब के रूप में दिखाया जाएगा।

## श्रद्धा कपूर ने पिता के साथ जुहू में खरीदा करोड़ों का लग्जरी अपार्टमेंट



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता के बाद उनके पिता शक्ति कपूर ने मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी है। लग्जरी कार के बाद अब उन्होंने लग्जरी घर पर मोटी रकम खर्च की है। फिलहाल, वह अपने माता-पिता के साथ रहती हैं लेकिन अनुमान है कि वह इस नए घर में शिफ्ट होंगी। जानकारी के मुताबिक, शक्ति कपूर और श्रद्धा कपूर की इस संपत्ति की कीमत 6.24 करोड़ रुपये है। ये एक लग्जरी अपार्टमेंट है, जो पीरामल महालक्ष्मी साउथ टॉवर में स्थित है और 13 जनवरी को पंजीकृत किया गया था। कुल 1042.73 वर्ग फुट में फैले इस अपार्टमेंट में दो बालकनी हैं और इसकी कीमत 59,875 रुपये प्रति वर्ग फुट है। पीरामल महालक्ष्मी साउथ टॉवर अपने रेस कोर्स और समुद्र के दृश्य के लिए प्रसिद्ध है। इसमें 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट हैं। इस बीच श्रद्धा 'स्त्री 2' की सफलता के चलते सुर्खियों में हैं। उन्होंने 2024 में जुहू में 6 लाख रुपये के मासिक किराए पर एक लक्जरी अपार्टमेंट लिया। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में एक अपार्टमेंट किराए पर लिया था। इसके लिए उन्होंने एक साल का किराया 72 लाख रुपये एडवांस में चुकाया था। वर्कफ्रंटश्रद्धा कपूर ने 'आशिकी 2', 'बागी', 'छिछोरे' और 'स्त्री 2' जैसी फिल्मों में काम किया है। वह 12 साल से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं।

### महाकुंभ मेले में पहुंचे गौतम अडानी, भंडारे में श्रद्धालुओं को परोसा प्रसाद



# संतों ने किया 'न हिन्दू पतितो भवेत्' का उद्घोष

### महाकुंभ से संतों ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश



**महाकुंभनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 न सिर्फ धर्म, संस्कृति व अध्यात्म की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने जा रहा है बल्कि सामाजिक समरसता की दिशा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। महाकुंभ में आयोजित संत समागम में हिस्सा लेने आये देशभर के संतों ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 17 में आयोजित दो दिवसीए अखिल भारतीय संत समागम में देश के सभी प्रान्तों से आये विभिन्न मत पंथ व सम्प्रदायों के पूज्य संतों ने एक स्वर में न हिन्दू पतितो भवेत का उद्घोष किया। संतों ने कहा कि सभी हिन्दू भाई हैं। हिन्दू कभी अछूत नहीं हो सकता। जातिभेद, विषमता, अस्पृश्यता इनका पालन करना अधर्म है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिन्दू परिषद के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में सैकड़ों की उपस्थिति में संतों ने समाज से सामाजिक विषमता को दूर करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल,संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संतों का स्वागत व सम्मान किया।

संत समागम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि हिन्दू समाज को तोड़ने के अनेक प्रयत्न हुए। सनातन के अन्दर अस्पृश्यता नाम की चीज नहीं थी। 1857 से पहले की कोई भी पुस्तक जातिगत विभाजन से संबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि संतों के बीच भेद बांटे गये। जबकि रामायणा व महाभारत के रचनाकार इसी पृष्ठभूमि से आते हैं।

पंजाब से आयीं साध्वी उर्मिला ने कहा कि जाति पांति के चक्कर में न पड़ें। आपस में छिन्न भिन्न रहेंगे तो धर्म को मजबूत नहीं कर पायेंगे। सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक है पहले संत अपने मन से भेदभाव को दूर करें तब समाज भी आपका अनुशरण करेगा। संत को सबको एक समान दृष्टि से देखना चाहिए।

पंचाब के ही रवीन्द्र गिरि ने कहा कि अनुसूचित समाज के बंधुओं के बीच गौरवमयी इतिहास का बोध कराने की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता से महान बनेगा भारत।

महंत विकास दास ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने किसी को छोटा बड़ा नहीं माना। उन्होंने सबको गले लगाया। भक्तों का विश्वास संतों पर होता है। समरसता का रास्ता हम नहीं बतायेंगे तो कौन बतायेगा।

पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड़ी से आये संत रतन गोंसाई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सनातन को मिटाने के लिए हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है। सनातन भाई डर की वजह से मुस्लिम बन रहे है। संत रतन गोंसाई ने कहा कि सामाजिक समरसता से ही भारत महान बन सकता है।


तेलांगाना से आये संग्राम महाराज ने कहा कि 80 प्रतिशत अनुसूचित समाज मुसलमान बन गया। क्योंकि संत गण उनके बीच गये नहीं हैं। अधिकांश संत अस्पृश्य जातियों के भक्तों के यहां जाते नहीं हैं। सबके अंदर भगवान हैं तो भेदभाव नहीं करना चाहिए। आज गरीबों का कोई अखाड़ा नहीं है। बंजारा समाज भटका नहीं है। बंजारा समाज से हूं। अपने आचार विचार संस्कार को बचाकर रखा है।

उत्तराखण्ड से आये महामण्डलेश्वर सुरेश राठौर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के रूप में व वेदव्यास ने महाभारत व डा. आम्बेडर ने संविधान दिया। उन्होंने कहा कि अस्पृश्यता सामाजिक कुरीति है। इसे दूर करना आवश्यक है।

संत राम नारायण ने कहा कि मानव-मानव एक समान है। गुरू घासी दास ने कहा कि हम सब एक हैं। ऊंचनीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए। सामाजिक समरसता के निर्माण के लिए संतों को आगे आना होगा।

### महाकुम्भ में आज होगी योगी कैबिनेट की बैठक

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज




महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 के कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था। महाकुम्भ में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में सभी 54 मंत्री शामिल होंगे। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे।

Hit लिस्ट

### असम, मेघालय व बंगाल में भूकंप

**शिलांग।** मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में मंगलवार दोपहर को भूकंप के झटका महसूस किया गया। इस भूकंप की तीव्रता 4.1 तीव्रता रही। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। इससे किसी तरह




के नुकसान की सूचना फिलहाल नही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में दोपहर 12 बजकर 34 मिनट 02 सेकेंड पर आए इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का एपीक सेंटर मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स जिले में 25.34 उत्तरी अक्षांश तथा 91.17 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। जिससे लोगों में क्षणिक भय का माहौल बन गया और लोग घरों से बाहर निकल आये।

### चुराचांदपुर में हथियार बरामद

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।**




चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग स्थित पीके पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रीं में एक 9 एमएम सब मशीन गन और मैगजीन, एक .303 राइफल और मैगजीन, एक स्मोक ग्रेनेड लॉन्चर, दो पिस्तौल और मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रेच लोडेड गन, एक देशी मोर्टार (पॉम्पी), चार हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), चार स्मोक ग्रेनेड तथा पांच 9 एमएम गोलियां शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़ के बाद चला सर्च अभियान खत्म

# गरियाबंद जिले में दो दिनों में 27 नक्सली ढेर

**रायपुर/गरियाबांद।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ दो दिनों तक चली नक्सलियों की मुठभेड़ मंगलवार की शाम खत्म हो गई। सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक 20 नक्ललियों के मारे जानी की पुष्टि की है। इनमें एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति, सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ का जवान धर्मेंद्र भोई एवं ओडिशा का जवान डमरू घायल हुए हैं। दोनों रायपुर के नारायणा अस्पताल में इलारत हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरियाबंद नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली सफलता पर बधाई दी है। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। मनोज पर एक करोड़, तो गुड्डू पर 25 लाख रुपये का इनाम था। अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है। सर्च ऑपरेशन जारी है। ऐसे में माना जा रहा है कि अभी और शव मिल सकते हैं। घटनास्थल से एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने बताया कि यह मुठभेड़ रविवार रात से मंगलवार तक जारी रही। इसमें एक हजार 1000 सुरक्षा बल के जवानों ने 60 नक्सलियों को घेरा था। छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली है। यह नक्सल ऑपरेशन गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ,ओडिशा के नुआपाड़ा पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गुंडाला, ओडिशा डीआईजी (नक्सल ऑपरेशन) अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमाडेंट डीएस की देख रेख में चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 18 नक्सली मारे गए थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)